जननी जन्मभूमिश्च, स्वर्गादपि गरियसी

जो हठि राखै धर्म को, तिहिं राखै करतार

# विभागीय वार्षिक रिपोर्ट
# छात्रसंघ
## सत्र : 2022—23




**नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी 'बी'**

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,
## जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014

# छात्र संघ चुनाव
## कक्षा प्रतिनिधि चुनाव व पर्चा दाखिला
**29 अगस्त 2022**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्र–संघ चुनाव की प्रक्रिया में 29 अगस्त 2022 को कुल 22 विषयों के 68 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव छात्र–संघ संविधान के अनुसार सम्पन्न किया गया। छात्र–संघ चुनाव के अध्यक्ष पद पर 02, उपाध्याक्ष पद पर 04, महामंत्री पद पर 02 तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर 02 कक्षा प्रतिनिधियों ने पर्चा



छात्रसंघ चुनाव 2022 के अन्तर्गत नामांकन प्रस्तुत करता विद्यार्थी

दाखिला किया। अध्यक्ष पद पर सुश्री साक्षी पाण्डेय एवं श्री तारकेश्वर पाण्डेय ने पर्चा भरा। उपाध्यक्ष पद पर श्री आकाश गुप्ता, श्री सौरभ यादव, श्री अभिजीत गौड़ एवं श्री राहुल गुप्ता ने पर्चा दाखिल किया। महामंत्री पद पर श्री आनन्द कुमार मौर्य एवं विशाल प्रसाद तथा पुस्तकालयमंत्री पद पर श्री बिट्टू कुशवाहा एवं श्री मनीष मद्देशिया ने अपनी–अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। चुनाव अधिकारी डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने चुनाव प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्याशियों द्वारा भरे हुए पर्चो की वापसी कल दिनांक 30 अगस्त 2022 को प्रातः 09:00 से 10:00 बजे तक की जा सकती है तत्पश्चात पर्चो की जांच कर वैध प्रत्याशियों की सूची दोपहर 11:00 बजे प्रकाशित की जाएगी। अपराह्न 01:30 बजे से योग्यता भाषण में विद्यार्थियों के समक्ष प्रत्याशी आम सभा में अपना पक्ष रख सकेंगे। मतदान 31 अगस्त 2022 को प्रातः 08:30 बजे से प्रारम्भ होगा। वोट 03 मतदान केन्द्रों पर डाले जा सकेंगे।



छात्रसंघ चुनाव 2022 के अन्तर्गत नामांकन प्रस्तुत करता विद्यार्थी







छात्रसंघ चुनाव 2022 के अन्तर्गत विभिन्न पदो पर नामाकंन कराते विद्यार्थी

# योग्यता भाषण

**30 अगस्त 2022**

भारत लोकतन्त्रात्मक शासन व्यवस्था से संचालित होने वाले विश्व का प्राचीनतम देश है। हमारे वैदिक वांग्मय ऐसे प्रमाणों से भरे पड़े हैं। जो यह निश्चित करते है कि अतिप्राचीन काल में लोकतंत्र भारत के सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन को न सिर्फ दिशा–निर्देशित करता था, अपितु प्रशासनिक व्यवस्था का मेरुदण्ड भी था। भारत की उन्हीं सुधी परम्पराओं




छात्र संघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में मंचासीन पदाधिकारी एवं प्रत्याशी

का अनुपालन करते हुए महाराणा प्रताप महाविद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही गुणवत्तापूर्ण एवं अकादमिक रुप से समृद्ध छात्र परिषद एवं छात्रसंघ जैसे विद्यार्थी संगठनों का प्रबल पोषक रहा है। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर का यही श्रेष्ठ गुणों से युक्त छात्र–संघ अनूठा एवं मॉडल छात्रसंघ के रूप में अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए प्रतिमान बनेगा।

उक्त बातें चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने योग्यता भाषण में कही। छात्र संघ कैसे रचनात्मक हो सकता है, इसकी झलक विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों द्वारा अपने भाषण में कही गई। छात्र–संघ प्रत्याशियों ने अपने भाषण में महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण के साथ–साथ पठन–पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि सप्ताह में एक दिन कक्षाएं विद्यार्थी पढ़ाएगें। महाविद्यालय में प्रत्येक कक्षाएं

प्रोजेक्टर युक्त है जिनका समुचित उपयोग करते हुए स्मार्ट क्लास की संख्या में भी वृद्धि की जायेगी। महाविद्यालय में कैंटीन, पुस्तकालय में रिसर्च पेपर व जर्नल एवं सन्दर्भ ग्रन्थ उपलब्ध कराए जाने के साथ खेल–कूद के सुविधाओं को बढ़ाने की बात कही। छात्र–संघ के बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा अकादमिक कार्यों पर 30 प्रतिशत हिस्सा सांस्कृतिक गतिविधियों पर तथा 30 प्रतिशत हिस्सा क्रीड़ा पर खर्च होगा। प्रयोगशालाएं अद्यतन तकनीकी सुविधाओं से लैस होगीं। सुश्री साक्षी पाण्डेय एवं श्री तारकेश्वर पाण्डेय, अध्यक्ष पद के लिए श्री आकाश गुप्ता, श्री अभिजीत गौड़, श्री सौरभ प्रसाद एवं श्री राहुल गुप्ता उपाध्यक्ष पद के लिए श्री आनन्द कुमार मौर्य एवं श्री विशाल प्रसाद महामंत्री पद के लिए श्री बिटटू कुशवाहा एवं श्री मनीष मद्देशिया पुस्तकालय मंत्री पद के लिए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।



छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में छात्र संघ प्रत्याशियो एवं मतदाताओं को दिशा–निर्देश देते चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. विजय कुमार चौधरी



छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करते अध्यक्ष पद प्रत्याशी



छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करते महामंत्री पद प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करते उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करता प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करता प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करतीं अध्यक्ष पद प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में छात्र संघ प्रत्याशियो एवं मतदाताओं को दिशा–निर्देश देते चुनाव अधिकारी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करते उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करता प्रत्याशी



छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी




छात्रसंघ चुनाव 2022 के योग्यता भाषण में अपना पक्ष प्रस्तुत करता प्रत्याशी



छात्रसंघ चुनाव 2022 के अन्तिम तैयारी हेतु बैठक मे उपस्थित छात्रसंघ चुनाव पदाधिकारी एवं शिक्षक



छात्रसंघ चुनाव 2022 के अन्तिम तैयारी हेतु बैठक मे उपस्थित छात्रसंघ चुनाव पदाधिकारी एवं शिक्षक

# छात्र-संघ चुनाव

**31 अगस्त 2022**

भारत लोकतन्त्र के महापर्व की प्राथमिक पाठशाला छात्रसंघ चुनाव महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के प्रांगण में प्रातः 08:30 बजे से महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी मतदाताओं ने शान्ति पूर्ण ढंग से चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए अपने मतों का प्रयोग किया। महाविद्यालय एवं शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु योग्य पदाधिकारियों के चुनाव का कार्य किया। कुल 2700 विद्यार्थियों में से 1593 विद्यार्थियों ने मतदान में भाग लिया। इस प्रकार कुल 59 प्रतिशत सम्पन्न हुआ। अपराह्न 02:30 बजे से चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रत्याशी। प्रतिनिधियों के




महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदान करती छात्रा

समक्ष मतगणना कराया गया और प्राप्त परिणामों के आधार पर विजयी प्रत्याशी की घोषणा की गयी।

महाविद्यालय में आज सम्पन्न छात्र–संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुश्री साक्षी पाण्डेय अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री तारकेश्वर पाण्डेय से 32 मतों से विजयी हुई। सुश्री साक्षी पाण्डेय को 806 मत मिले, निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री तारकेश्वर पाण्डेय को 774 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद पर 1580 मत वैध एवं 13 मत अवैध घोषित किये गये। उपाध्यक्ष पद पर श्री सौरभ यादव अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री राहुल गुप्ता से 206 मतों के अन्तर से विजयी घोषित किये गये। श्री सौरभ यादव को 593 वोट प्राप्त हुए जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री राहुल गुप्ता को 388 मन प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर कुल 1564 मत वैध एवं 29 मत अवैध घोषित किये गये। महामंत्री पद पर श्री आनन्द कुमार मौर्या अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी

श्री विशाल प्रसाद से 29 मतों के अन्तर से विजयी घोषित किये गये। श्री आनन्द कुमार मौर्या को 802 मत तथा उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री विशाल प्रसाद को 773 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर 1575 मत वैध एवं 18 मत अवैध घोषित किये गये। पुस्तकालयमंत्री पद पर श्री बिटटू कुशवाहा अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री मनीष मद्वेशिया से 17 मतों के अन्तर से विजयी घोषित हुए। पुस्तकालयमंत्री पद पर श्री बिट्टू कुशवाहा को 796 मत जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री मनीष मद्धेशिया को 789 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय मंत्री पद पर कुल 1575 मत वैध एवं 18 मत वैध घोषित किये गये।



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदान करते विद्यार्थी



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदान करता विद्यार्थी



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदाताओं का परिचय पत्र जाँच करते डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदाताओं का परिचय पत्र जाँच करते डॉ. आर.एन. सिंह





महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदान करने हेतु अपनी बारी की प्रतीक्षा करते विद्यार्थी



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान मतदान करने हेतु अपनी बारी की प्रतीक्षा करती छात्राएं



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव में अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते विजयी प्रत्याशी

# छात्र-संघ परिचयात्मक एक दिवसीय कार्यशाला

## कार्यक्रम स्थल-पुस्तकालय

**11 सितम्बर 2022**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्र–संघ परिचयात्मक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र–संघ प्रभारी सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने कार्यशाला की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए छात्र–संघ की परिकल्पना उद्देश्य व कार्य पद्धति को बताया। पूर्व छात्र संघ प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने छात्रसंघ के मुख्य बिन्दुओं जैसे–छात्र–संघ का महाविद्यालय के प्रबन्धन व प्रशासन में भूमिका कार्यकारिणी की समितियों का गठन, आम सभा व छात्र–संघ द्वारा प्रकाशित की जाने वाली चेतक पत्रिका के विषय में जानकारी दी। उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने महाविद्यालय में छात्र–संघ के दायित्वों व अधिकारो पर प्रकाश डालते हुए छात्र–संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से वर्तमान सत्र की योजनाओं व रणनीतियों के सम्बन्ध में बातचीत की। इसी क्रम में छात्र–संघ पदाधिकारियों व कक्षा प्रतिनिधियों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए जिसका केन्द्र बिन्दु महाविद्यालय के आदर्श व महाविद्यालय की संस्कृति के आधार पर छात्र–संघ की कार्य पद्धति को पूर्णतः स्थापित करना है। कार्यशाला में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी छात्र संघ प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल, पूर्व छात्र संघ प्रभारी श्री नन्दन शर्मा तथा छात्र संघ पदाधिकारी एवं सभी कक्षा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्र-संघ कार्यकारिणी बैठक
## कार्यक्रम स्थल- पुस्तकालय
### 25 सितम्बर 2022

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के अन्तर्गत छात्रसंघ कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने छात्र–संघ के महत्व व कर्त्तव्य को बताते हुए कहा कि कक्षा प्रतिनिधियों को कक्षा संचालन को व्यवस्थित एवं सुनियोजित चलने में अपना योगदान देना चाहिए। कक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का शिक्षक से वार्ता कर समाधान प्रस्तुत करना चाहिए। साथ ही महाविद्यालय के प्रबन्धन व प्रशासन में कार्यकारिणी समितियों के द्वारा अपना कर्त्तव्य सुनिश्चित करना चाहिए। छात्र संघ कक्षा प्रतिनिधि अपने पठन–पाठन व अन्य सहगामी क्रियाओं के द्वारा कक्षा का प्रतिमान बने जिसमें शिक्षक मार्गदर्शक होता है। छात्र संघ प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल द्वारा नवनिर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों का महाविद्यालय द्वारा संचालित होने वाली विभिन्न समितियों के अन्तर्गत छात्र–संघ कार्यकारिणी समिति का गठन किया जिसमें प्रमुख रूप से नियंता समिति, स्वच्छता समिति, प्रार्थना समिति, छात्रा समिति, पुस्तकालय समिति, क्रीड़ा समिति दिवाल पत्रिका समिति, बागवानी समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, सोशल मीडिया समिति, तकनीकि समिति, योग समिति, प्रयोगशाला समिति एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर समिति शामिल है।




छात्र–संघ कार्यकारिणी बैठक में विचार प्रस्तुत करतीं कक्षा प्रतिनिधि




छात्र–संघ कार्यकारिणी बैठक में पदाधिकारियों और कक्षा प्रतिनिधियों से विचार–विमर्श करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य




छात्र–संघ कार्यकारिणी बैठक में विचार प्रस्तुत करतीं कक्षा प्रतिनिधि

# शोध व्याख्यान कार्यक्रम

## विषय : जी-20 भारत और अर्थव्यवस्था
## स्थान - जगत जननी माँ सीता सभागार
## संयोजक - श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल
## दिनांक-25.01.2023

निर्णायक मण्डल :

1. डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, सहायक आचार्य, बी.एड्. विभाग, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
2. श्री नन्दन शर्मा, वाणिज्य विभाग प्रभारी, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
3. डॉ. अभय श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर




ाजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत–भारती पखवाड़े के तत्वावधान में आयोजित शोध व्याख्यान में प्रतिभाग करता छात्र

विजयी प्रतिभागी :

प्रथम स्थान – श्री तारकेश्वर पाण्डेय, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर।  
द्वितीय स्थान – श्री सुधीर पाण्डेय, बी.काम., तृतीय सेमेस्टर।  
तृतीय स्थान – श्री अर्पन तिवारी, बी.काम. तृतीय सेमेस्टर।  
सांत्वना पुरस्कार – सुश्री ममता मंझवार व सुश्री शिवानी बी.काम., तृतीय वर्ष।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत छात्र संघ द्वारा जी–20 भारत और अर्थव्यवस्था विषय पर शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सुश्री ममता मझवार बी. काम. तृतीय वर्ष  ने कहा कि जी–20, ग्रुप आफ ट्वेंटी अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक वास्तुकला और शासन को आकार देने और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जी–20 की स्थापना 26 सितम्बर 1993 में हुई थी जो 19 देश एवं यूरोपीय संघ का समूह है। भारत 01 नवम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2023 तक जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है। जिसका उद्देश्य विकसित और विकाशील देशों को एक मंच पर लाना और दुनिया के आर्थिक मुद्दों पर आम राय बनाने की कोशिश करना है। इसी के साथ महाविद्यालय के अन्य 33 प्रतिभागियों ने भी प्रतिभाग किया।




आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत–भारती पखवाड़े के तत्वावधान में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्रा



आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत–भारती पखवाड़े के तत्वावधान में आयोजित शोध व्याख्यान प्रतियोगिता उपस्थित शिक्षकगण तथा विद्यार्थी